04/12/2025

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्रीय पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि हाल के वर्षों में पूर्वोत्तर देश में विकास का केंद्र बन गया है। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री सोनोवाल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई विभिन्न नीतियों और कार्यक्रमों के माध्यम से इस क्षेत्र में सम्पर्क और संचार सहित सभी क्षेत्रों में तेज़ी से विकास हुआ है।

0000000000000000000000

पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज नागालैंड के अपने तीन दिवसीय दौरे के पहले दिन कहा कि हर साल एक लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा के ग्रॉस बजटरी सपोर्ट का 10 प्रतिशत पूर्वोत्तर को दिया जा रहा है, जिससे कई विकास परियोजना लागू हुए हैं, जिससे क्षेत्र के आठ राज्यों, जिन्हें प्रधानमंत्री अष्ट लक्ष्मी कहते हैं, की क्षमता को अनलॉक किया गया है। उन्होंने कहा, एक्ट ईस्ट, एक्ट फास्ट, और एक्ट फर्स्ट नीति से इस इलाके को काफी फायदा हुआ है।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने आज मध्य प्रदेश के रिवा स्थित सैनिक स्कूल का दौरा किया। 1962 में इसी स्कूल के पहले बैच के वे भी हिस्सा रह चुकें है। कैडेट्स को संबोधित करते हुए, राज्यपाल ने उन्हें याद दिलाया कि सचा नेतृत्व संचार, हमदर्दी, सहयोग और ईमानदारी से दूसरों को प्रभावित करने की क्षमता में होती है, ये कौशल तब ज़रूरी होंगी जब वे देश की सेवा करने और विकसित भारत 2047 के विज़न में योगदान देने के लिए आगे बढ़ेंगे।

0000000000000000000000

राज्य के मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने आज दिबांग वैली के अपने आधिकारिक दौरे के तीसरे और आखिरी दिन आनिनी में बड़े बुनियादी ढांचा परिसंपत्तियों का विस्तार से सेमिक्षा किया। उन्होंने नवनिर्मित मिनी सेक्रेटेरिएट, जिला अस्पताल, पंचायत गेस्ट हाउस-कम-हेरिटेज सेंटर और कृषि विज्ञान केंद्रों का निरिक्षिण किया। दौरे के तहत बिनियादी ढांचो की तैयारी, काम की गुणवत्ता और जिले के प्रशासनिक एवं सार्वजनिक सेवा पारिस्थितिकी तंत्र में इन सुविधाओं के फंक्शनल इंटीग्रेशन का असेसमेंट करने पर फोकस किया गया। इसी तरह, कल, उन्होंने वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत फ्लैगशिप इनिशिएटिव्स पर खास जोर देते हुए चल रहे बड़े कार्यों की प्रगति का जाएज़ा किया।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश स्टेट फ़ूड कमीशन के मेंबर माजी चोकार ने बुधवार को ज़ीरो के अपने दौरे के दौरान एक विस्तृत समीक्षा बैठक की अध्यक्ष्ता की। बैठक में PDS, मिड-डे मील स्कीम, फ़ूड हाइजीन, ट्रांसपोर्टेशन की चुनौतियों और कैंद्रिय एवं राज्य फ़ूड सिक्योरिटी स्कीमों को असरदार तरीके से लागू करने के साथ-साथ डिलीवरी सिस्टम को मज़बूत करने के लिए ज़रूरी दखल पर ध्यान कैंद्रित करना था। श्री चोकार ने कहा कि सरकार ज़िला स्तर पर उम्र के हिसाब से फ़ूड टेस्टिंग की सुविधाएँ शुरू करने की योजना बना रही है, खासकर मिड-डे मील स्कीम के तहत बच्चों की न्यूट्रिशनल ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए। उन्होंने सभी डिपार्टमेंट से लोगों में जागरूकता और आउटरीच की कोशिशों को तेज़ करने की अपील की ताकि योग्य बेनिफिशियरी को सरकारी दखल का पूरा फ़ायदा मिल सके।

0000000000000000000000

तवांग में, REC लिमिटेड के रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (PMD-RDSS) के प्रोजेक्ट मैनेजमेंट डिवीज़न के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रिंस धवन ने कल एक उच स्तरिय बैठक में अरुणाचल प्रदेश में RDSS को लागू करने पर समिक्षा की।

उन्होंने राज्य के सभी 42 चुने हुए कस्बों में स्मार्ट मीटरिंग को पूरा करने को प्राथमिकता देने पर ज़ोर दिया। बैठक के दौरान, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने पूरे राज्य में RDSS को लागु करने को तेज़ करने के लिए कई ज़रूरी निर्देश दिए।

0000000000000000000000

तेजू के ज़िला परिषद चुनाव क्षेत्र और ग्राम पंचायत क्षेत्रों के सभी उम्मीदवारों और राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बुधवार को लोहित ज़िले के तेजू में एक कोऑर्डिनेशन बैथक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता 2-तेजू ज़िला परिषद चुनाव क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर श्री सोताइलुम बेल्लई ने की, जिन्होंने ज़िला-स्तर की तैयारियों का समिक्षा की। उन्होंने चुनाव ड्यूटी पर तैनात सरकारी अधिकारियों से तय समय में वोटर ऑन इलेक्शन ड्यूटी (VED) के लिए अप्लाई करने का भी आग्रह किया।

0000000000000000000000

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज नई दिल्ली में बाल विवाह मुक्त भारत के लिए सौ दिन के गहन जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि सरकार ने 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि समाज, समुदायों और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से देश बाल विवाह मुक्त भारत बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

0000000000000000000000

साइंस और टेक्नोलॉजी मिनिस्ट्री ने एक नई स्टडी पर ज़ोर दिया है, जिसमें पहला साफ़ सबूत मिला है कि सिंगल-यूज़ PET बोतलों से निकलने वाले नैनोप्लास्टिक पेट के बैक्टीरिया, खून की स्थिरता और सेलुलर फ़ंक्शन को नुकसान पहुँचाते हैं। मिनिस्ट्री ने यह भी बताया कि ये नैनोप्लास्टिक लंबे समय तक संपर्क में रहने पर DNA को नुकसान, ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन पैदा करते हैं। स्टडी से यह भी पता चला है कि नैनो-प्लास्टिक आजकल खाने, पानी और यहाँ तक कि इंसान के शरीर में भी तेज़ी से पाए जा रहे हैं।

0000000000000000000000